BSES

हरियाणा की बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण में मदद करेगी बीआरपीएल

- बीआरपीएल अगले तीन साल तक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को सलाहकार सेवाएं देगी
- पंचकूला समेत कई इलाकों में बदलेगी बिजली वितरण की तसवीर
- बीआरपीएल के नॉन–टैरिफ इनकम में होगी बढ़ोतरी, उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा
- दिल्ली की बिजली व्यवस्था को देश–दुनिया में बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा

नई दिल्लीः 7 मई, 2013। दिल्ली में बिजली वितरण व्यवस्था के आधुनिकीकरण के बाद, अब बीआरपीएल हरियाणा की बिजली व्यवस्था का आधुनिकरीकरण करेगी। हरियाणा सरकार के तहत आने वाले, उत्तर हरियाण बिजली वितरण निगम को बीआरपीएल सलाहकार सेवाएं देगी कि किस तरह राज्य की बिजली व्यवस्था को बेहतर व विश्वसनीय बनाया जा सकता है। बीआरपीएल हरियाणा सरकार की इस बिजली कंपनी को ऐसी तकनीकें व उपाय बताएगी, जिनसे वहां के उपभोक्ताओं को चौबीसों घंटे और सातों दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। यही नहीं, वहां के उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटारे के लिए एक विश्वस्तरीय सिस्टम विकसित करने में भी बीआरपीएल मदद करेगी।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को जिन मुद्दों पर बीआरपीएल सलाह देगी वे हैं– एटीएंडसी लॉस में कमी, नेटवर्क मैनेजमेंट, ऑटोमैटिक मीटर रीडिंग, मीटर समाधान, डिजाइन व इंजीनियरिंग, ऐसेट मैनेजमेंट, उपभोक्ता शिकायत निवारण सिस्टम का विकास, प्रशिक्षण, आदि। समझौते के तहत, बीआरपीएल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को अगले तीन साल तक अपनी विशेषज्ञ सलाहकार सेवाएं उपलब्ध कराती रहेगी, और निगम को एक अत्याधुनिक बिजली वितरण युटिलिटी के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के तहत राज्य के पॉश माने जाने इलाके पंचकूला के अलावा अंबाला, करनाल और पानीपत जैसे क्षेत्र भी आते हैं। पंचकूला को हरियाणा में वही रूतबा हासिल है, जो दिल्ली में जोरबाग और लोधी कॉलोनी जैसे इलाकों को हासिल है।

बीआरपीएल के वरिष्ठ अधिकारी पहले उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के वितरण नेटवर्क, मीटरिंग सिस्टम, एटीएंडसी लॉस लेवल आदि का विस्तृत अध्ययन करेंगे, और उसके बाद वहां के अधिकारियों को सलाह देना शुरू करेंगे। इसके लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के विभिन्न साइटों की विजिट भी जल्द ही शुरू की जाएगी।

बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक– अपने लाइसेंस एरिया में पिछले 11 साल से बीआरपीएल के सफल परिचालन का ही यह परिणाम है कि कंपनी को नाइजीरिया के बाद अब हरियाणा में भी सलाहकार सेवाएं देने के लिए आमंत्रित किया गया है। उत्तर हरियाणा को अत्याधुनिक वितरण युटिलिटी के तौर पर उभरने में मदद करने के लिए बीआरपीएल उन तकनीकों व विचारों का इस्तेमाल करेगी, जिन्हें वह पहले दक्षिण व पश्चिम दिल्ली में आजमा चुकी है। इसके अलावा, अपने नॉलेज पार्टनर एक्सेंचर से भी वह इस बारे में सहयोग लेगी।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को सलाहकार सेवाएं देने से बीआरपीएल की नॉन–टैरिफ आय में बढ़ोतरी होगी, जिसका फायदा अंततः यहां के उपभोक्ताओं को होगा। नॉन–टैरिफ इनकम से उपभोक्ताओं पर बिजली दरों के बोझ को कुछ कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, दिल्ली की अत्याधुनिक और हाईटेक बिजली व्यवस्था को देश व दुनिया में और बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा। साथ ही, बीआरपीएल कर्मचारियों के लिए यह नया अनुभव व अवसर भी लेकर आएगा।